**ईमेल से**

भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा(भारत), पिन-132001.
Karnal, Haryana(India), PIN-132001

**( राजभाषा एकक/OFFICIAL LANGUAGE UNIT )**

फाइल सं. 12-6/राजभाषा एकक/2022/क्षेकेपत्रा

दिनॉक, 27/4/2022

सेवा में,

अध्यक्ष, दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र, बैंगलूरू। ईमेल : headsrsndri@gmail.com,

विषय : तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा (तिमाही अंत 31.03.2022)

महोदय,

आपके कार्यालय के ईमेल दिनांक 26.04.2022 के तहत राजभाषा हिन्दी के प्रयोग से संबंधित तिमाही अंत 31.03.2022 की प्रगति रिपोर्ट के भाग-1 तथा भाग-2 प्राप्त हुए हैं। तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा निम्नानुसार है :-

**तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा**

| | |
|---|---|
| 1 | ऐसा दर्शाया गया है कि धारा 3(3) का एक भी दस्तावेज का जारी नहीं किया गया है। इस संबंध में यह अवगत कराया जाता है कि राजभाषा अधिनियम 1963 के धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले सामान्य प्रकार के परिपत्र, कार्यालय आदेश, दस्तावेज, टेण्डर, नीलामी आदि दस्तावेज आदि आते हैं। अत: कृपया भविष्य में तदनुसार आंकड़े भरे जाएं तथा इस धारा के सभी दस्तावेज केवल द्विभाषी में ही जारी करवाये जाएं। |
| 2 | राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के तहत हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही दिए जा रहे हैं। यह सराहनीय है। |
| 3 | राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार 'क', 'ख', 'ग' क्षेत्रों के साथ 55% पत्राचार हिंदी में किया जाना अपेक्षित है। आपका केन्द्र 'ग' क्षेत्र में स्थित है। तिमाही प्रगति रिपोर्ट के अनुसार आपके केन्द्र के द्वारा 'क' क्षेत्र के साथ 22% हिंदी पत्राचार एवं 'ग' क्षेत्र के साथ 35.08% हिंदी पत्राचार किया गया है तथा 'ख' क्षेत्र को कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया है। कृपया 'क', 'ख', 'ग' क्षेत्रों के साथ 55% हिंदी पत्राचार सुनिश्चित करवायें। |
| 4. | आपके कार्यालय के द्वारा 18.58 प्रतिशत टिप्पणियां ही केवल हिन्दी में लिखी गई हैं, जो निर्धारित लक्ष्य से कम है। भारत सरकार, राजभाषा विभाग के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार "ग" क्षेत्र में स्थित कार्यालयों को न्यूनतम 30 प्रतिशत हिन्दी टिप्पणियां जारी किया जाना अनिवार्य है। कृपया इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अपेक्षित प्रयास किए जाएं। |
| 5. | रिपोर्ट के अनुसार विषयांकित तिमाही के दौरान एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया है, किन्तु कार्यशाला के आयोजन की तिथि नहीं दर्शाई गई है। कृपया भविष्य में हिन्दी कार्यशाला के आयोजन की तिथि भी अवश्य दर्शाएं। |
| 6. | प्रगति रिपोर्ट के साथ तिमाही बैठक का कार्यवृत्त संलग्न नहीं किया गया है। कृपया भविष्य में तिमाही बैठक का कार्यवृत्त सर्वसंबंधितों को जारी कर उसकी प्रतिलिपि प्रगति रिपोर्ट के साथ अवश्य संलग्न करें। |
| 7. | कृपया आपके केन्द्र में सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन के संबंध में भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली के द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम में दर्शाए गए न्यूनतम लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास भी किए जाएं। |
| 8. | परिषद मुख्यालय के निर्देशानुसार प्रत्येक तिमाही की हिन्दी बैठक का तिमाही के अंत में आयोजन की बजाय इसे तिमाही के प्रारंभ में किया जाना चाहिए। तदनसुार आपके केन्द्र के द्वारा आगामी तिमाही की बैठक जुलाई, 2022 माह के प्रारंभ में आयोजित करते हुए उस बैठक में जुलाई से सितम्बर 2022 अवधि में आपके केन्द्र में राजभाषा हिन्दी के कार्यान्वयन की कार्यनीति निर्धारित करते हुए पिछले 3 माह अप्रैल-जून, 2022 के दौरान हिन्दी की प्रगति की समीक्षा करने की कार्रवाई करें। |

कृपया उपरोक्त बिन्दुओं पर की गई कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट के विषय में अगली तिमाही हिन्दी बैठक में चर्चा करने तथा लिए गए निर्णयों को बैठक के कार्यवृत्त में शामिल करने का आग्रह भी किया जाता है।

भवदीय,

धीरज शर्मा 27/4/22

प्रभारी, राजभाषा एकक